एंबुलेंस न मिलने पर मरीजों को वाहन सुविधा

ओपीडी शुल्क बढ़ाने, बंद लिफ्ट सुधारने और 11 प्रस्तावों पर मुहर,विधायक की अध्यक्षता में बैठक

- गर्भवती को बीपीएल की अनिवार्यता से छूट



नवभारत न्यूज

बेगमगंज, 4 नवंबर. शासकीय सिविल अस्पताल में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने और व्यवस्थाओं में सुधार के लिए बुधवार को सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई.

क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र पटेल की अध्यक्षता में हुई बैठक में अस्पताल से जुड़े 11 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की उपरांत निर्णय लिया गया कि ओपीडी शुल्क बढ़ाने, बंद पड़ी लिफ्ट का मेंटेनेंस कराने, पार्किंग व्यवस्था सुधारने, चिकित्सा उपकरण खरीदने और गंभीर मरीजों को परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने जैसे प्रस्ताव शामिल किए गए हैं.

बैठक में एसडीएम प्रियंका भलावी, कांग्रेस के पूर्व प्रांतीय महामंत्री राजेंद्र सिंह तोमर, महिला एवं बाल विकास अधिकारी सुनीता ठाकुर, डॉ. मितेश देवड़ और श्रीप्रकाश जैन उपस्थित रहे. वहीं सीबीएमओ डॉ. नितिन सिंह तोमर ने अस्पताल से संबंधित समस्याओं और व्यवस्थाओं में सुधार के लिए अपने सुझाव रखे.

बैठक के एजेंडे के अनुसार संस्था में लगी जॉनसन कंपनी की लिफ्ट वर्तमान में कई माह से बंद है. जिस पर शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार कंपनी से एक वर्ष का मेंटेनेंस कराने पर करीब 2 लाख रुपए खर्च होने का अनुमान है. वहीं ओपीडी और दवा वितरण की प्रक्रिया को ऑनलाइन करने के लिए एचएमआईएस के अनुसार पेपरलेस व्यवस्था लागू करने का प्रस्ताव रखा गया.

वहीं गंभीर अवस्था में गर्भवती महिलाओं को बीपीएल कार्ड की अनिवार्यता से छूट देकर रोगी कल्याण समिति के माध्यम से वाहन सुविधा देने का प्रस्ताव भी रखा गया.

समिति के खर्चों में पारदर्शिता के लिए सभी भुगतान मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी और मेडिकल ऑफिसर के संयुक्त हस्ताक्षर से करने तथा नियमित चिकित्सक डॉ. मितेश देवड़ के हस्ताक्षर जोड़ने का प्रस्ताव भी शामिल है. बैठक में रखे गए इन प्रस्तावों का उद्देश्य अस्पताल की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के साथ मरीजों को समय पर उपचार और जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराना है.

तारों की फेंसिंग और गेट लगाने का प्रस्ताव

इसके अलावा अस्पताल के सब स्टेशन के पास से नवीन बिल्डिंग और डीपी तक गए बिजली के तारों को व्यवस्थित करने के लिए 20 से 25 फीट के दो पोल लगाने तथा एनआरसी से पीएम रूम तक खाली जगह पर तारों की फेंसिंग और गेट लगाने का प्रस्ताव रखा गया. ऑक्सीजन सिलेंडर रिफिल कराने पर हर महीने होने वाले वाहन और रिफिल खर्च की समीक्षा भी की जाएगी.

108 एंबुलेंस उपलब्ध नहीं होने पर गंभीर मरीजों को मिलेगी विशेष वाहन सुविधा

बैठक में मरीजों के परिवहन की समस्या को भी प्रमुखता से उठाया गया. प्रस्ताव के अनुसार 108 एंबुलेंस उपलब्ध नहीं होने पर बीपीएल कार्डधारी मरीजों को संस्था की ओर से उचित वाहन सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि गंभीर मरीजों को वरिष्ठ स्वास्थ्य संस्थान तक पहुंचाया जा सके.



इसके साथ ही वर्तमान में 5 रुपए प्रति मरीज लिए जाने वाले ओपीडी शुल्क को बढ़ाकर 10 रुपए करने पर विचार किया गया. अस्पताल परिसर में पार्किंग की समस्या दूर करने के लिए पुरानी बिल्डिंग के सामने बने टीन शेड को पानी की टंकी के पास स्थानांतरित करने का प्रस्ताव है, ताकि मरीजों और उनके परिजनों के वाहन व्यवस्थित खड़े हो सकें. बैठक हॉल में प्रेजेंटेशन के लिए प्रोजेक्टर स्क्रीन और संचालित डेंटल यूनिट के लिए स्टरलाइजर खरीदने का प्रस्ताव भी एजेंडे में शामिल रहा.

रतनजोत के बीज खाने से 18 बच्चों को उल्टी-दस्त

- सभी बच्चे सिविल अस्पताल में किए गए भर्ती
- अस्पताल पहुंचे कलेक्टर ने लिया जायजा



नवभारत न्यूज

सिलवानी, 4 नवंबर. मंगलवार को सिलवानी तहसील के आदिवासी बाहुल्य ग्राम पुद्दर में रतनजोत खाने से 18 बच्चों की उल्टी, दस्त तबीयत बिगड़ी, जिन्हें सिविल अस्पताल लाया गया, जिनका उपचार जारी, देर रात कलेक्टर रोहित सिसोनिया सिलवानी पहुंचे और बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए.

रायसेन जिले की सिलवानी तहसील के ग्राम पुद्दर (सलैया) में स्कूल पढ़ने गए बच्चों ने रतनजोत खाने से 18 बच्चों की तबीयत बिगड़ने का मामला सामने आया है. बताया जा रहा है कि स्कूल के पास लगे रतनजोत के पौधे के बीज खाने के बाद बच्चों को उल्टी, दस्त पेट दर्द की शिकायत होने लगी. इसके बाद 108 एंबुलेंस की मदद से 16 बच्चों को सिविल अस्पताल सिलवानी लाया गया, जहां सभी का प्राथमिक उपचार किया जा रहा है. वहीं, दो बच्चों का इलाज प्रतापगढ़ में जारी बताया जा रहा है. सिविल अस्पताल के डॉक्टर राहुल धाकड़ ने बताया कि फिलहाल अस्पताल में भर्ती सभी बच्चों की स्थिति ठीक है. बच्चों को प्राथमिक उपचार दिया जा रहा है.

प्रत्येक बच्चे को अलग अलग बेड उपलब्ध कराने के निर्देश

घटना की जानकारी मिलने पर एसडीएम अलका सिंह, एसडीओपी आशुतोष त्यागी, तहसीलदार नरेंद्र परमार एवं थाना प्रभारी संजीत परते सहित अन्य अधिकारी सिविल अस्पताल पहुंचे. अधिकारियों ने बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी लेते हुए उपचार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया. वहीं, कलेक्टर रोहित सिसोनिया ने वीडियो कॉलिंग के माध्यम से बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा देर रात कलेक्टर रोहित सिसोनिया सिलवानी हॉस्पिटल पहुंचे और उन्होंने बच्चों और परिजनों से स्वास्थ्य की जानकारी ली और स्वास्थ्य विभाग को समुचित उपचार और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए. उन्होंने प्रत्येक बच्चे को अलग अलग बेड उपलब्ध कराने के निर्देश दिए. इस संबंध में ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर (बीएमओ) डॉ. आरएस पटेल ने बताया कि बच्चों ने रतनजोत के बीजों को खाने योग्य समझकर खा लिया था, जिसके बाद उन्हें अस्पताल लाया गया. सभी बच्चों का उपचार किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि बच्चों के पूर्णत: स्वस्थ होने तक उन्हें अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग की निगरानी में रखा जाएगा.



किसानों से कलेक्टर ने पूछा- कैंटीन का खाना-पानी कैसा है

रायसेन. कलेक्टर रोहित सिसोनिया ने आज रायसेन स्थित कृषि उपज मंडी पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया. उन्होंने मंडी में किसानों के लिए उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए धान विक्रय की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी ली. इस दौरान उन्होंने अपनी कृषि उपज विक्रय करने मंडी पहुंचे किसानों से संवाद कर मंडी में मिल रही सुविधाओं और व्यवस्थाओं के बारे में भी जानकारी ली.

लोकतंत्र बचाओ पदयात्रा में उमड़े 400 कार्यकर्ता

सलामतपुर मंडल का भोपाल में बड़ा शक्ति प्रदर्शन



नवभारत न्यूज

सलामतपुर,4 नवंबर. भारतीय जनता पार्टी द्वारा भोपाल में बुधवार को आयोजित 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के अंतर्गत निकाली गई विशाल पदयात्रा में सलामतपुर मंडल से लगभग 400 कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की.

मंडल अध्यक्ष रितेश अग्रवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ता चार बसों और 35 से 40 चार पहिया वाहनों के काफिले के साथ भोपाल पहुंचे. इस कार्यक्रम में मंडल के सलामतपुर, रातातलाई, दीवानगंज, गीदगढ़, अंबाड़ी, बेरखेड़ी चौराहा, कायमपुर, निनोद, नरखेड़ा, सरार, खोहा, त्रिमूर्ति चौराहा, सेमरा, कुल्हाड़िया सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए.

भोपाल में आयोजित इस पदयात्रा के दौरान अटल पथ पर सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला. उन्होंने कहा कि कांग्रेस किस मुंह से लोकतंत्र की रक्षा की बात करती है, जबकि उसके शासनकाल में 90 बार चुनी हुई सरकारों को बर्खास्त किया गया. आपातकाल का जिक्र करते हुए नड्डा ने कहा कि वे स्वयं इसके भुक्तभोगी रहे हैं.



ट्रैक्टर वर्कशॉप में आग,से 5 नए 3 पुराने समेत 8 ट्रैक्टर स्वाहा

बरेली रोड स्थित आयशर ट्रैक्टर की वर्कशॉप में घटना

- आग की लपटें इतनी ऊंची थी कि दूर से दिखाई दीं
- बमुश्किल आग पर पाया गया काबू

नवभारत न्यूज

सिलवानी, 4 नवंबर. बुधवार सुबह बरेली रोड स्थित आयशर ट्रैक्टर की वर्कशॉप में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया. देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और वर्कशॉप में रखे ट्रैक्टर इसकी चपेट में आ गए.

आग की लपटें उठती देख आसपास के लोगों ने तत्काल पुलिस डायल 112 को सूचना दी. सूचना मिलते ही नगर परिषद सिलवानी की फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया.

फायर ब्रिगेड चालक भगवानदास विश्वकर्मा एवं सहायक रितेश ने काफी प्रयासों के बाद आग बुझाई. शोरूम संचालक राजेंद्र सिंह रघुवंशी ने बताया कि आगजनी की इस घटना में वर्कशॉप में रखे पांच नए और तीन पुराने, कुल आठ ट्रैक्टर जलकर क्षतिग्रस्त हो गए. इससे लाखों रुपये का नुकसान हुआ है. संचालक के अनुसार सूचना मिलने पर वे मौके पर पहुंचे. प्रशासन एवं नगर परिषद की फायर ब्रिगेड के सहयोग से आग पर काबू पा लिया गया.



किसानों के बीच जमीन पर बैठकर कलेक्टर ने खेती-किसानी की सुनी समस्या

रायसेन. कलेक्टर रोहित सिसोनिया ने जिले के ग्राम नकतरा स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने केन्द्र में विभिन्न फसलों की तैयार की जा रही नर्सरी का अवलोकन किया तथा कृषि वैज्ञानिकों से फसलों की किस्मों, नर्सरी तैयार करने की तकनीक और कृषि संबंधी गतिविधियों की जानकारी ली. निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने किसानों के साथ जमीन पर बैठकर खेती-किसानी से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की. उन्होंने किसानों से खेती में अपनाई जा रही तकनीकों, उर्वरकों के उपयोग तथा कृषि उत्पादन बढ़ाने के प्रयासों के संबंध में जानकारी ली. साथ ही किसानों की आमदनी में वृद्धि के लिए बेहतर कृषि पद्धतियों, फसल विविधीकरण और अन्य संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श किया. कलेक्टर का सहज और आत्मीय व्यवहार देखकर किसान भी काफी प्रसन्न नजर आए. उन्होंने बिना किसी झिझक के अपनी बात रखी और खेती से जुड़ी समस्याओं एवं सुझावों को साझा किया. कलेक्टर ने कृषि वैज्ञानिकों को, आधुनिक कृषि तकनीकों एवं उन्नत खेती के तरीकों की जानकारी बढ़ाने उपयोगी मार्गदर्शन उपलब्ध कराया.

1.57 करोड़ की सड़क निर्माण में पाई अनियमितता और गड़बड़ी



- ग्रामीणों का आरोप- बिना तराई और मानक के बन रही रोड
- एमपीआरडीसी की भूमिका भी संदेह के घेरे में

नवभारत न्यूज

बेगमगंज, 04 नवंबर. सुल्तानगंज में स्टेट हाईवे-15 पर समैया पेट्रोल पंप के पास एमपीआरडीसी विभाग द्वारा कराए जा रहे ब्लैक स्पॉट इम्प्रूवमेंट वर्क की गुणवत्ता को लेकर विवाद खड़ा हो गया है.

करीब 1 करोड़ 57 लाख रुपए की लागत से कराए जा रहे इस निर्माण कार्य का ठेका भोपाल की निर्माण एजेंसी एम.ए. बिल्डकॉम को दिया गया है. एजेंसी द्वारा सीमेंट कंक्रीट (सीसी) से सड़क चौड़ीकरण का कार्य कराया जा रहा है. निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीण राजू राजपूत, परसोत्तम पुरी, बाबू मोहन सहित अन्य ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि सड़क निर्माण में निर्धारित मापदंडों का पालन नहीं किया जा रहा है. सीमेंट-कंक्रीट के अनुपात, सड़क की निर्धारित चौड़ाई और निर्माण के बाद पर्याप्त तराई (क्योरिंग) नहीं किए जाने को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं. यदि निर्माण कार्य की निष्पक्ष तकनीकी जांच नहीं हुई तो करोड़ों रुपए की शासकीय राशि का दुरुपयोग हो सकता है. मामले को लेकर मीडियाकर्मियों द्वारा पूछे जाने पर एमपीआरडीसी विभाग के असिस्टेंट मैनेजर राहुल कोरी ने बताया कि किसी के कहने मात्र से निर्माण कार्य घटिया साबित नहीं हो जाता. निर्माण कार्य की जांच कराई जाएगी.

ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

वहीं ग्रामीणों ने मांग की है कि जांच केवल औपचारिकता न रहे, बल्कि तकनीकी विशेषज्ञों की मौजूदगी में निर्माण सामग्री और कार्य की गुणवत्ता की निष्पक्ष जांच हो. ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते जांच और कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे. अब देखना होगा कि विभाग की जांच में निर्माण की गुणवत्ता को लेकर उठे सवालों का क्या जवाब सामने आता है.

कलेक्टर ने रायसेन में सांदीपनि विद्यालय का किया निरीक्षण

- क्लासरूम में बच्चों से पूछे सवाल
- लैब और निर्माण कार्यों का लिया जायजा

नवभारत न्यूज

रायसेन, 4 नवंबर. बुधवार को कलेक्टर रोहित सिसोनिया ने रायसेन स्थित सांदीपनि विद्यालय का भ्रमण कर शैक्षणिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया.

इस दौरान उन्होंने विभिन्न कक्षाओं में पहुंचकर विद्यार्थियों से संवाद किया तथा उनकी पढ़ाई के स्तर और शैक्षणिक समझ की जानकारी ली. उन्होंने विद्यालय की कम्प्यूटर लैब एवं साइंस लैब का भी निरीक्षण कर वहां उपलब्ध संसाधनों एवं व्यवस्थाओं का अवलोकन किया. निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने शिक्षकों से विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों एवं शिक्षण कार्यों के संबंध में जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि विद्यार्थियों को रोचक, गतिविधि आधारित एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाए! ताकि वे विषयों को बेहतर ढंग से समझ सकें. साथ ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और विद्यालय में बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार करने हेतु निर्देशित किया. कलेक्टर ने विद्यालय भवन में प्रगतिरत निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया. उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए उन्हें शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध हो सकें. इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी, उप संचालक कृषि तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे.

10 टन क्षमता के कांटे से उपज की तुलाई में मिलेगी राहत

गैरतगंज. कृषि उपज मंडी गैरतगंज में लंबे समय से इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा स्थापित करने की मांग कर रहे किसानों को अब राहत मिलने जा रही है. स्थानीय किसान संगठन द्वारा लगातार उठाई जा रही इस मांग को प्रशासन और मंडी प्रबंधन ने पूरा कर दिया है. मंगलवार को मंडी प्रांगण में 10 टन क्षमता के नवीन इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे का शुभारंभ एसडीएम हर्षल चौधरी ने विधिवत पूजन-अर्चन कर किया. तौल कांटे की सुविधा शुरू होने से अब किसानों को अपनी कृषि उपज की तुलाई के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा. साथ ही तौल में गड़बड़ी की आशंका कम होने के साथ ही किसानों का समय भी बचेगा और तुलाई के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा. शुभारंभ कार्यक्रम में एसडीएम हर्षल चौधरी, मंडी सचिव अभयपाल सिंह बिलौदिया, किसान संगठन के मुकेश धाकड़, व्यापारी नीरज जैन, महेंद्र कुमार जैन, मधुसूदन गौर सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे. इस दौरान धर्मकांटा संचालक विजय राय ने अतिथियों का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया.

जागरूकता टीआई बोले-'डिजिटल अरेस्ट' जैसी कोई व्यवस्था कानून में नहीं, ठगों से रहें सावधान

शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल में लगी साइबर पाठशाला



नवभारत न्यूज

सलामतपुर, 04 नवंबर. बढ़ते साइबर अपराधों के बीच विद्यार्थियों को जागरूक और सतर्क बनाने के उद्देश्य से बुधवार को सलामतपुर के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में साइबर जागरूकता पाठशाला का आयोजन किया गया.

इसमें सलामतपुर थाना प्रभारी श्यामराज सिंह सोमवंशी ने छात्राओं को साइबर अपराधों के विभिन्न तरीकों और उनसे बचाव के उपायों की विस्तार से जानकारी दी. उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि डिजिटल अरेस्ट जैसी किसी भी प्रक्रिया का कानून में कोई प्रावधान नहीं है. यदि कोई व्यक्ति पुलिस, सीबीआई, ईडी या अन्य जांच एजेंसी का अधिकारी बनकर वीडियो कॉल पर गिरफ्तारी का डर दिखाता है और पैसे की मांग करता है, तो वह साइबर ठग हो सकता है. ऐसे लोगों के झांसे में बिल्कुल न आएं. थाना प्रभारी ने बताया कि वर्तमान समय में साइबर अपराधी नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं. ऑनलाइन धोखाधड़ी, फिशिंग, फर्जी ओटीपी, सोशल मीडिया अकाउंट हैकिंग और डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ठगी जैसी घटनाएं तेजी से सामने आ रही हैं.

> **जागरूकता कार्यक्रम बेहद जरूरी**
>
> छात्राओं को महिलाओं से संबंधित अपराधों, उनकी सुरक्षा और कानूनी अधिकारों के बारे में भी जानकारी दी गई. पुलिस ने जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित कर साइबर सुरक्षा के प्रति सजग रहने का संदेश दिया. स्कूल प्राचार्य अवध नारायण राय, निजाम सर, एएसआई मोहन यादव और आरक्षक रोहित गोस्वामी मौजूद रहे.

सरस्वति शिशु मंदिर के भैया-बहनों ने सजाईं आकर्षक झांकियां

वंदे मातरम के150 वर्ष की सजीव प्रस्तुति बनी



नवभारत न्यूज

सिलवानी, 4 नवंबर. ग्राम सियरमऊ में राष्ट्रीय चेतना, देशभक्ति और अनुशासन का अनूठा संगम देखने को मिला. यहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पथ संचलन के स्वागत में स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर के भैया-बहनों द्वारा आकर्षक झांकियां सजाई गईं. इन झांकियों ने नगरवासियों का मन मोह लिया और पूरे क्षेत्र को राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग दिया.

कार्यक्रम में झांकियों का मुख्य आकर्षण 'वंदे मातरम् के 150 वर्ष' विषय पर आधारित सजीव प्रस्तुतियां रहीं. विद्यार्थियों ने इन झांकियों के माध्यम से बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा वर्ष 1875 में रचित राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के इतिहास, स्वतंत्रता संग्राम में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका और क्रांतिकारियों के भीतर राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करने में इसके योगदान को प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया.

झांकियों में भारत माता के स्वरूप के साथ राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर क्रांतिकारियों के बलिदान के दृश्यों को भी जीवंत रूप दिया गया. वहीं युवा पीढ़ी के राष्ट्र के प्रति समर्पण और संकल्प को भी आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया. इसे कलात्मक एवं प्रेरणादायक प्रस्तुति को देखने के लिए बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे.